केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल
(गृह मंत्रालय)

दिनांक 15 सितम्बर, 2016
नई दिल्ली

सी.आर.पी.एफ. में शामिल हुए 86 सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारी

एक भव्य एवं शानदार दीक्षांत परेड समारोह में सी.आर.पी.एफ. अकादमी गुड़गांव से आज दिनांक 15 सितम्बर, 2016 को 47वें बैच के 86 सी.आर.पी.एफ. अधिकारी पास आउट होकर देश सेवा में समर्पित हुए। इनमें 05 महिला अधिकारी शामिल हैं। श्री के. दुर्गा प्रसाद, महानिदेशक के.रि.पु.बल ने मुख्य अतिथि के रूप में परेड की सलामी ली ।

श्री संदीप शक्ति पी., सहायक कमाण्डेंट को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु एवं सर्वोत्तम आउटडोर घोषित किया गया और उन्हें स्वोर्ड ऑफ ऑनर और गृह मंत्री का कप प्रदान किया गया । श्री संकल्प मिश्रा, सहायक कमाण्डेंट को सर्वोत्तम इनडोर प्रशिक्षु, श्री वैभव सिसोदिया को सर्वोत्तम फायरिंग, श्री शाहुल हर्षण बी. को सर्वोत्तम फिजिकल प्रशिक्षु तथा सर्वोत्तम इन्डुरेन्स, श्री रमेश कुमार अग्रवाल को सर्वोत्तम खिलाड़ी तथा श्री गुल जुनैद खॉ को परेड कमाण्डर का निदेशक बेटन दिया गया तथा महानिदेशक बैनर का सर्वोत्तम स्क्वाड, स्क्वाड नं0–01 को प्रदान की गई।

इस बैच के अधिकारी 20 राज्यों एवं संघ शासित प्रदेशों से के.रि.पु.बल में आए हैं । भिन्न संस्कृति, भाषाओं, क्षेत्रों, धर्मों में विश्वास रखने वाले और भिन्न प्रथाओं वाले क्षेत्रों से आए ये अधिकारी राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र सेवा के जीते जागते उदाहरण हैं । ये अधिकारी केरिपुबल की विभिन्न बटालियनों में तैनात किये जाएंगे, जहां उनके लिए यह प्रषिक्षण काफी सहायक सिद्ध होगा ।

श्री के. दुर्गा प्रसाद, महानिदेशक, केरिपु.बल ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को विश्व के सबसे बड़े इस बल में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आगे आने वाला चुनौतियां भरा समय उनके कौशल और सहनशीलता का परीक्षण लेगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारियों को सभी तनावपूर्ण परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया है और आशा व्यक्त की कि वे हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखें कि ड्यूटी के दौरान हर समय प्रत्येक व्यक्ति के मानवाधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने कहा कि अब आप सभी इस महान बल के सदस्य है, जोकि न केवल अपने सदस्यों की संख्या के कारण बल्कि ड्यूटी के प्रति अपने समर्पण भाव तथा हमारे बहुत से सदस्यों द्वारा दिए गए बलिदानों के कारण ही यह बल महान बन पाया है तथा इसकी झलक बल के शहीदों एवं जाबांजों द्वारा बड़ी संख्या में अर्जित किए गए वीरता पदकों में दिखाई देती है। मैं आप सभी में ऐसे वीर जाबांजों को देख रहा हूॅ, जो केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के गौरव में और अधिक वृद्धि करने के साथ ही स्वयं तथा अपने परिवार एवं अपने प्रशिक्षण संस्थान तथा इस बल को यश प्रदान करेंगें।

इस अवसर पर 34 अधिकारियों एवं जवानों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक भी प्रदान किये गऐ।

श्री सुधीर प्रताप सिंह, अपर महानिदेशक (प्रशिक्षण) ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया। श्री एम.पी.सी. नेगी, निदेशक, के.रि.पु.बल अकादमी ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद प्रस्तुत किया ।

हस्ताक्षर/–

15/09/2016
(भूवन चन्द्र खण्डूरी)
जनसम्पर्क अधिकारी